मेरे श्याम बदल ना जाना भगवान बदल ना जाना लिरिक्स

मेरे श्याम बदल ना जाना,
रुत बदले चाहे दिन बदले,
चाहे बदले सारा ज़माना,
मेरें श्याम बदल ना जाना,
भगवान बदल ना जाना।bd।

कदम कदम पर पानी बदले,
चार कोस पे वाणी,
सुख दु:ख में दु:ख सुख में बदले,
निर्धन हो धनवानी,
यही दुआ बस सुबह शाम मैं,
करता हूँ रोज़ाना,
मेरें श्याम बदल ना जाना,
भगवान बदल ना जाना।bd।

बचपन से मैं करता आया,
अपनी ही मनमानी,
जगह जगह जब ठोकर खाई,
तब ये बात है जानी,
तू ही है इस जग का दाता,
तू ही पार लगाना,
मेरें श्याम बदल ना जाना,
भगवान बदल ना जाना।bd।

मेरी लाज है तेरे हाथ में,
तुमने लाज बचानी,
कहीं डूब ना जाए नैया,
तुमने पार लगानी,
'विजयराज' और 'गुलशन' मिलके,
गाये यही तराना,
मेरें श्याम बदल ना जाना,
भगवान बदल ना जाना।bd।

रुत बदले चाहे दिन बदले,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चाहे बदले सारा ज़माना,
मेरे श्याम बदल ना जाना,
भगवान बदल ना जाना।bd।

Singer – Gulshan Bawra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com